# कार्यालय जनपद न्यायाधीश, कुशीनगर, स्थान-पडरौना।

## विज्ञप्ति -वास्ते सर्वर मशीन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अदद सर्वर मशीन हेतु Dell /HP Rack Server मय रैक व यू०पी०एस० (2 K.V.A) के साथ हो एवं जिनकी कम से कम तीन वर्ष की ऑन साइट वारन्टी हो, हेतु पंजीकृत व अधिकृत फर्मों से सील बन्द टेण्डर/निविदा दिनांक 31.07.2017 को सायं 03.00 बजे तक आमंत्रित किये जाने हैं, नियत समय के पश्चात प्राप्त टेण्डर/निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा। उक्त टेण्डर/निविदा उसी दिन सांय समय 4.00 बजे खोले जायेंगे। टेण्डर हेतु धरोहर धनराशि 5000.00 रू. नकद अथवा उक्त धनराशि का बैंक ड्राफ्ट जनपद न्यायाधीश कुशीनगर, के नाम देय है, जो नजारत में जमा करना होगा व टेण्डर स्वीकृत न होने की दशा में उसी दिन अथवा अगले कार्य दिवस में वापस कर दिया जायेगा। सर्वर मशीन का विवरण व टेण्डर की नियम व शर्तें माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की अधिकारिक वेबसाइट www.allahabadhighcourt.in तथा जनपद न्यायालय कुशीनगर की अधिकारिक वेबसाइट www.ecourts.gov.in/kushinagar तथा शासन की अधिकारिक वेबसाइट www.Kushinagar.nic.in पर उपलब्ध हैं। टेण्डर के नियम व शर्तें उपरोक्त वेबसाइट तथा मुख्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। टेण्डर/निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म टेण्डर की नियम व शर्तों के अनुसार ही अपनी निविदा प्रस्तुत करें।

| | |
|---|---|
| Arf 5/7/17 | Vinay Kumar 5/7/17 |
| (अभिमन्यु सिंह) | (विनय कुमार) |
| सिविल जज (सी.डी.)/ | अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफ.टी.सी.-II/ |
| सहा०नोडल अधिकारी (कम्प्यूटराइजेशन) | नोडल अधिकारी (कम्प्यूटराइजेशन) |
| जजशिप, कुशीनगर स्थान पडरौना। | जजशिप, कुशीनगर स्थान पडरौना। |

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचना पट्ट पर चस्पा करने व वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

1. माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की वेबसाइट www.allahabadhighcourt.in पर अपलोड करवाने हेतु।
2. सिस्टम आफिसर को जनपद न्यायालय कुशीनगर की वेबसाइट www.ecourts.gov.in/kushinagar पर अपलोड करने हेतु।
3. D.I.O. NIC Kushinagar को शासन की अधिकारिक वेबसाइट www.Kushinagar.nic.in पर अपलोड करने हेतु।
4. जिलासूचना अधिकारी कुशीनगर को स्थानीय समाचार पत्रों में नि:शुल्क प्रकाशन हेतु।
4. केन्द्रीय नाजिर को जनपद के समस्त सार्वजनिक स्थलों व मुख्य कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

# कार्यालय जनपद न्यायाधीश, कुशीनगर, स्थान-पडरौना।

## सर्वर मशीन हेतु निविदाओं के अनिवार्य नियम व शर्तें

1. माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के आदेश के अनुपालन में बाह्य न्यायालय कसया- कुशीनगर हेतु एक अदद सर्वर मशीन हेतु Dell /HP Rack Server मय रैक व यू०पी०एस० (2 K.V.A) क्रय किये जाने के संबंध में दिनांक 31.07.2017 को सांय 3.00 बजे तक पंजीकृत व अधिकृत फर्मो से सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है।

2. निविदा प्रस्तुत करने वाली पंजीकृत व अधिकृत फर्म जी०एस०टी०/सेल टैक्स व राज्य को अदा किए जाने वाले अन्य करों हेतु पंजीकृत होनी चाहिए।

3. निविदा प्रस्तुत करने वाली पंजीकृत व अधिकृत फर्म को बाह्य न्यायालय कसया- कुशीनगर हेतु सर्वर मशीन स्थापना के उपरांत न्यूनतम तीन वर्ष की ऑन साइट वारन्टी (Onsite Warranty) देना अनिवार्य है।

4. बाह्य न्यायालय कसया- कुशीनगर हेतु एक अदद सर्वर मशीन हेतु Dell /HP Rack Server मय रैक व यू०पी०एस० (2 K.V.A) का विवरण निम्नवत है-

Components:-

* Processor -Intel Processor
* RAM- 16 GB
* Hard Disk- 3TB
* RAID Controller
* DVD Writer Internal
* Single Cable Power Supply, 250W
* On-Board 1GBE Dual Port
* Monitor- 18.5"
* Mouse and Keyboard
* OS-Ubuntu Server
* 3 Yr next Business Day Onsite Service

5. सर्वर मशीन हेतु सभी प्राप्त निविदायें दिनांक 31.07.2017 को ही मेरे एवं सहायक नोडल अधिकारी (कम्प्यूटराइजेशन), जजशिप, कुशीनगर स्थान पडरौना के समक्ष सायं 4.00 बजे जनपद न्यायालय कुशीनगर के सभागार कक्ष में खोली जायेगीं। निविदा प्राप्त होने की नियत अन्तिम तिथि व समय के उपरान्त प्राप्त होने वाली किसी निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म यदि चाहे तो अपने अधिकृत प्रतिनिधि को निविदाएं खोले जाने के समय भेज सकती है।

6. निविदा प्रस्तुत करने वाली पंजीकृत व अधिकृत फर्म सभी करों को सम्मिलित करते हुए ही अपना कोटेशन/दर प्रस्तुत करे, एक बार निविदा प्रस्तुत कर दिये जाने के बाद कोटेशन की दर और/या कर मे कोई वृद्धि अनुमन्य नही होगी और दी गई कोटेशन/दर ही अन्तिम होगी।

7. जनपद न्यायालय कुशीनगर द्वारा बाह्य न्यायालय कसया- कुशीनगर हेतु एक अदद सर्वर मशीन हेतु Dell /HP Rack Server मय रैक व यू०पी०एस० (2 K.V.A) को क्रय किये जाने हेतु जारी निविदा आवेदन फार्म केन्द्रीय नजारत से अथवा माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की वेबसाइट www.allahabadhighcourt.in, जनपद न्यायालय कुशीनगर की वेबसाइट www.ecourts.gov.in/kushinagar एवं शासन की अधिकारिक वेबसाइट www.Kushinagar.nic.in से अपलोड कर प्राप्त किये जा सकते है। यह निविदा फार्म 100.00 रू. (एक सौ रू. मात्र) का शुल्क केन्द्रीय नजारत कुशीनगर में जमा कर प्राप्त किया जा

सकता है और यह निविदा फार्म धरोहर/जमानत राशि अंकन 5000.00 के साथ जमा किया जाना है। उक्त निविदा फार्म शुल्क व निविदा धरोहर राशि नकद या बैंक ड्राफ्ट या भारतीय पोस्टल आर्डर के रूप में जनपद न्यायाधीश ,कुशीनगर के नाम देय है। जनपद न्यायालय कुशीनगर की अधिकारिक वेबसाइट से निविदा फार्म डाउनलोड करने पर निविदा फार्म शुल्क डाउनलोड किये गये मूल निविदा फार्म के साथ नकद या बैंक ड्राफ्ट या भारतीय पोस्टल आर्डर के रूप में माननीय जनपद न्यायाधीश के नाम धरोहर राशि सहित निविदा प्राप्त होने की नियत अन्तिम तिथि व समय से पूर्व केन्द्रीय नजारत कुशीनगर में प्राप्त करवाने की जिम्मेदारी निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म की होगी।

8. वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-5 भाग-1 के पैरा 71 के अनुसार धरोहर/जमानत धनराशि को, राष्ट्रीय बचत पत्रों, राष्ट्रीयकृत बैंको के मियादी जमा रसीदों बैंक जमा रसीदें इत्यादि के रूप में भी " जनपद न्यायाधीश कुशीनगर " के पक्ष में जमा किया जा सकता है।

9. निविदाओं की नियम एवं शर्तो का किसी भी कार्य दिवस में केन्द्रीय नजारत अनुभाग जनपद न्यायालय कुशीनगर में समय 10.30 बजे से सायं 4.30 बजे तक अवलोकन कर प्राप्त किया जा सकता है या माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की वेबसाइट www.allahabadhighcourt.in, जनपद न्यायालय कुशीनगर की वेबसाइट www.ecourts.gov.in/kushinagar एवं शासन की अधिकारिक वेबसाइट www.Kushinagar.nic.in पर अवलोकित की जा सकती है।

10. निविदा के साथ जमा की गई धरोहर/जमानत धनराशि नकद अथवा उक्त धनराशि का बैंक ड्राफ्ट या राष्ट्रीय बचत पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंको के मियादी जमा रसीद टेण्डर स्वीकृत न होने की दशा में उसी दिन अथवा अगले कार्य दिवस में वापस कर दी जावेगी।

11. निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म निविदा सीलबन्द लिफाफे में नियत अन्तिम तिथि व समय से पूर्व केन्द्रीय नजारत जनपद न्यायालय, कुशीनगर में प्रस्तुत करें व सीलबन्द लिफाफे के ऊपर 'सर्वर मशीन हेतु निविदा' का स्पष्ट उल्लेख करते हुए फर्म के नाम का भी उल्लेख करें।

12. सर्वर मशीन को बाह्य न्यायालय कसया- कुशीनगर में स्वंय अपने व्यय/खर्चे पर पहुँचा कर न्यायालय में स्थापित करनी होगी।

13. किसी भी निविदा या समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश कुशीनगर में निहित है और इस संदर्भ में उनका निर्णय अन्तिम होगा।

14. माननीय उच्च न्यायालय द्वारा उपलब्ध करवाये गए बजट से अधिक क्रय राशि होने पर सर्वर मशीन का क्रय मूल्य माननीय उच्च न्यायालय द्वारा शेष बजट उपलब्ध करवाये जाने पर ही होगा।

15. किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र केवल मात्र जनपद न्यायालय कुशीनगर को ही होगा।

(अभिमन्यु सिंह)
सिविल जज (सी.डी.)/
सहा०नोडल अधिकारी (कम्प्यूटराइजेशन)
जजशिप, कुशीनगर स्थान पडरौना।

Vinay Kumar
(विनय कुमार)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफ.टी.सी.-II/
नोडल अधिकारी (कम्प्यूटराइजेशन)
जजशिप, कुशीनगर स्थान पडरौना।

## कार्यालय नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय, कुशीनगर, स्थान-पड़रौना।

सर्वर मशीन के लिये Dell /HP Rack Server मय रैक व यू०पी०एस० (2 K.V.A) हेतु

## आवेदन पत्र /टेण्डर फार्म

नवीनतम पासपोर्ट साइज स्व - प्रमाणित फोटोग्राफ चस्पा करें।

टेण्डर वास्ते — सर्वर मशीन जो Dell /HP Rack Server मय रैक व यू०पी०एस० (2 K.V.A) की हो एवं जिनकी कम से कम तीन वर्ष की ऑन साइट वारन्टी (Onsite Warranty) हो।

| | |
|---|---|
| अग्रिम जमा धरोहर राशि- | 5000.00 रू. |
| अग्रिम धरोहर राशि जमा करने का तरीका | |
| सर्वर मशीन का नाम मय रैक व यू०पी०एस०(2 K.V.A) व स्पेशिफिकेशन | |
| सर्वर मशीन की ऑन साइट वांरटी की अवधि (जो न्यूनतम तीन वर्ष हो) | |
| आवेदक फर्म का नाम | |
| आवेदक फर्म का पत्र व्यवहार का पूरा पता | |
| आवेदक फर्म के कार्यालय का पूरा पता | |
| आवेदक फर्म से सम्पर्क हेतु मोबाइल नम्बर | |
| आवेदक फर्म से सम्पर्क हेतु दूरभाष नम्बर | |

| | |
|---|---|
| आवेदक फर्म का सर्वर मशीन Dell /HP Rack Server मय रैक व यू०पी०एस० (2 K.V.A) बेचे जाने हेतु सम्बन्धित कम्पनी से अधिकृत होने सम्बन्धित विवरण, जैसे की कम्पनी की डीलरशिप आदि का विशिष्ट उल्लेख करें।<br>(प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करें) | |
| सर्वर मशीन Dell /HP Rack Server मय रैक एवं यू०पी०एस० (2 K.V.A) हेतु आवेदक फर्म द्वारा सभी खर्चो व करों को सम्मिलित करते हुए निविदा की नियम व शर्तो के अन्तर्गत प्रस्तुत मूल्य | |

निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म के दो परिचय दाताओं के नाम व पता

1. हस्ताक्षर-
   नाम-
   पता-

2. हस्ताक्षर-
   नाम-
   पता-

यह निविदा प्रस्तुत करने से पहले मैंने सभी नियम व शर्तों को भली-भाँति पढ़ लिया है और यह निविदा विज्ञप्ति की नियम व शर्तो के अधीन प्रस्तुत की जा रही है। सर्वर मशीन Dell /HP Rack Server मय रैक व यू०पी०एस० (2 K.V.A) हेतु आदेश प्रस्तुत किया जायेगा, उसी स्पेशिफिकेशन में सर्वर मशीन मय रैक व यू०पी०एस० (2 K.V.A) उपलब्ध करवायी जायेगीं , जिसके लिए हमारी सहमति है और इस बात को ध्यान में रखते हुए निविदा प्रस्तुत की गयी है।

आवेदक/टेण्डरदाता/निविदा प्रस्तुत करने
वाली फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर